कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर (म.प्र.)

E-mail:- cepwdcentral@mp.nic.in   Phone No. 0761-2621541   Fax No. 0761-2678521

पत्र क्रमांक......02........../स्था./भर्ती निशक्तजन/2024   जबलपुर, दिनांक.............. 10.06.2024

दिव्यांगजनों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

म0प्र0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग का ज्ञाप क्रमांक एफ 8–2/2013/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 04/01/2024 एवं प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, भोपाल के ज्ञाप क्रमांक 303/41/2021/पार्ट–3/528 भोपाल दिनांक 14/03/2024 में दिये गए निर्देशानुसार जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर के अंतर्गत सीधी भर्ती से दिव्यांगजनों के लिए स्टेनो टायपिस्ट एवं सहायक ग्रेड–3 की पूर्ति वॉक–इन इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। आवेदन हेतु निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी/आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवेदन दिनांक 28/06/2024 तक कार्यालयीन समय 6:00 बजे सायंकाल तक आवेदन फार्म पंजीकृत डाक द्वारा जमा कर सकते है। विलम्ब से प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा। अभ्यर्थी अपने आवेदन कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर, एम्पायर टॉकिज, सर्किट हाउस कमांक–1 के पास, आई.जी कालौनी के सामने, साउथ सिविल लाईन जबलपुर (म0प्र0) पिनकोड–482001 के नाम से प्रेषित करें। डाक से हुए विलम्ब के लिए विभाग उत्तरदायी नही होगा। रिक्त पदों का विवरण, वेतनमान, निर्धारित योग्यता एवं वॉक–इन इंटरव्यू के लिए निर्धारित तिथि की जानकारी निम्नलिखित है।

स. क्र.	पदनाम	पद की श्रेणी	वेतनमान	दिव्यांगजन के लिये आरक्षित रिक्तियाँ				कुल योग	निर्धारित योग्यता	वॉक–इन इंटरव्यू हेतु निर्धारित तिथि
				दृष्टिबाधित और कम दृष्टि हेतु स्वीकृत पद	बहरे और कम सुनने वाले हेतु स्वीकृत पद	लोकोमीटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी हेतु स्वीकृत पद	ओटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता हेतु स्वीकृत पद			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	स्टेनो टायपिस्ट	तृतीय श्रेणी	पे बेंड 19500–62000 (सातवें वेतनमान के मैट्रिक लेवल 4) समय–समय पर देय भत्ते सहित	—	—	1	—	1	1. हायर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। 2. स्टेनो टायपिस्ट डिप्लोमा (80 शब्द प्रति मिनिट) 3. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से न्यूनतम एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य। 3. म.प्र. शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (CPCT) स्कोर कार्ड अभ्यार्थी को न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं हिन्दी टंकण में उत्तीर्ण होना अनिवार्य।	05.07.2024
2	सहायक ग्रेड–3	तृतीय श्रेणी	पे बेंड 19500–62000 (सातवें वेतनमान के मैट्रिक लेवल 4) समय–समय पर देय भत्ते सहित	1	2	1	1	5	1. हायर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। 2. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से न्यूनतम एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य। 3. म.प्र. शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (CPCT) स्कोर कार्ड अभ्यार्थी को न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं हिन्दी टंकण में उत्तीर्ण होना अनिवार्य।	05.07.2024

नोटः–आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेवसाईड Web site: www.mppwd.gov.in पर उपलब्ध है।

अन्य शर्ते :–

(1) आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

(2) समस्त प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा अथवा स्वयं सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

(3) आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष, आरक्षित वर्ग एवं निःशक्तजन के उम्मीदवारों को नियमानुसार 05 वर्ष की छूट का प्रावधान है।

(4) आवेदक का म.प्र. में किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

(5) शासकीय विभाग में कार्यरत आवेदक कर्मचारी नियोजक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

(6) वॉक–इन इंटरव्यू के समय सभी प्रमाण–पत्रों की मूल प्रतियों के साथ आना अनिवार्य है।

(7) न्यूनतम 40% निःशक्तता का डिजीटल प्रमाण–पत्र संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा।

(8) डिजीटल जाति प्रमाण–पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा।

(9) कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए निर्धारित की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, इस पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नही होगा।

(10) जिस आवेदक की 02 से अधिक जीवित संतान है, उनमें से एक का जन्म यदि 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो तब ऐसा आवेदक नियुक्ति के लिये पात्र नही होगा।

(11) मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 12 दिसम्बर 2019 के अनुसार तीन वर्ष की परिवीक्षा पर प्रथम वर्ष वेतनमान 70%, द्वितीय वर्ष 80%, तृतीय वर्ष 90% प्रतिमाह वेतन के रूप में देय होगी।

(12) नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार, मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर के पास सुरक्षित होंगें।

मुख्य अभियंता लो0नि0वि0
जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर (म.प्र.)